**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–23.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो करेगा।**

2. **18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से, वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को दिलाएंगे शपथ।**

3. **रेलवे के प्लेटफॉर्म टिकट, वेटिंग रूम, स्टे□ानों पर बैटरी से चलने वाली कार और अन्य सेवाओं को जीएसटी से रखा जाएगा मुक्त।**

4. **भगवान जगन्नाथ महास्नान के बाद 15 दिनों के एकांत वास पर गये, छह जुलाई को लौटेंगे, सात को होगा रथ यात्रा अनुश्ठान।**

5. **आईसीसी पुरुश टी–20 विश्व कप क्रिकेट में कल भारत ने बंगलादेश को पचास रनों से हराया।**

***************

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट–यूजी 2024 में कथित अनियमितताओं का मामला व्यापक जांच के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंप दिया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार परीक्षाओं की शुचिता और विद्यार्थियों का हित सुनिश्चित रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कोई व्यक्ति या संगठन इस मामले में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केन्द्र सरकार ने परीक्षाओं में कदाचार रोकने के लिए लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024 लागू किया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने पिछले महीने की पांच तारीख को नीट यूजी परीक्षा संचालित की थी। परिणाम आने के बाद परीक्षा में अनियमितता बरते जाने और जालसाजी के आरोप लगे थे।

***************

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव इस महीने की 26 तारीख को होगा। अगले दिन 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

***************

रेलवे के प्लेटफॉर्म टिकट, वेटिंग रूम, स्टेशनों पर बैटरी से चलने वाली कार और अन्य सेवाओं को जीएसटी से मुक्त रखा जाएगा। यह फैसला नई दिल्ली में जीएसटी कांउसिल की कल हुई 53वीं बैठक में लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय किया गया कि शिक्षण संस्थानों के बाहर बने छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को हर माह बीस हजार रूपये तक की सेवाओं पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं कारोबारियों को रिर्टन भरने की अवधि से लेकर नोटिस, ब्याज और जुर्माने से राहत संबंधी फैसले भी किये गये।

***************

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि समय से कर अंतरण, वित्त आयोग अनुदान और जी.एस.टी. क्षतिपूर्ति बकाया की केंद्रीय सहायता का उद्देश्य राज्यों के विकास के गति देना है। राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श में श्रीमती सीतारमण ने राज्यों से केन्द्र की विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अधिकांश ऋण समायोजी हैं।

कुछ ऋणों के लिए जन केन्द्रित सुधार और क्षेत्र विशेष पूंजीगत परियोजनाएं लागू करने की शर्त है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, गोवा, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम के मुख्यमंत्री, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिसा, राजस्थान और तेलंगाना के उप–मुख्यमंत्री के साथ अन्य राज्यों के वित्त मंत्री उपस्थित थे।

****************

भगवान जगन्नाथ महास्नान के बाद 15 दिनों के एकांतवास पर चले गये हैं। इसके पूर्व कल भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा को पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनियों और जयघोस के बीच स्नान मंडप पर लाया गया और विधिवत वैदिक मंत्रों के साथ स्नान कराया गया। इसके बाद दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद उन्हें एकांतवास में ले जाया गया। अब भगवान जगन्नाथ छह जुलाई को लौटेंगे और इसी दिन नेत्रदान किया जाएगा। रथ यात्रा अनुष्ठान सात जुलाई को होगा। इस दिन शाम चार बजे मंदिर से भगवान और तीनों विग्रहों को रथ पर सवार किया जाएगा। प्रशासन की ओर से जगन्नाथपुर रथ मेले का आयोजन छह से 17 जुलाई तक होगा। इस आयोजन में तीन हजार से अधिक दुकाने लगायी जाएंगी।

****************

जामताड़ा जिले के उपायुक्त मुकुद सहाय ने नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****************

अवैध शराब और बिक्री को लेकर कल रात जामताड़ा जिले की उपायुक्त कुमुद सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अनिमेस नैथानी के निर्देश पर छापेमारी की गई। इसमें बड़ी मात्रा में अवैध नकली शराब बरामद किये गये। इसमें 14 ड्रम कच्चा स्पिरिट, रॉयल स्टैग के दो सौ कार्टून नकली विदेशी शराब समेत अन्य समान शामिल हैं।

****************

चतरा जिले में टीबी की बिमारी से बचाव के लिए अठारह वर्स से अधिक उम्र के लोगों को टीका लगाया जाएगा। इसे लेकर घर–घर सर्वे किया जा रहा है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स–डीटीएफ की बैठक के बाद चतरा के सिविल सर्जन ने कहा कि सर्वे में चिन्हित व्यक्तियों के घरों में जाकर टीका लगाने का काम जुलाई माह से शुरू कर दिया जाएगा।

****************

नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने कहा है कि कांटाटोली फ्लाईओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक पूरा किया जाए। ताकि अगस्त के पहले सप्ताह में कांटा टोली फ्लाईओवर का उदघाटन कराया जा सके। यह बातें उन्होंने कल जुडको सभागार में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के दौरान कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां फ्लाईओवर नहीं बन रहा है वहां पर पथ निर्माण विभाग से सलाह लेते हुए फुट ओवरब्रिज बनाने की दिशा में पहल की जाए। सचिव ने राजधानी रांची में चल रहे रवींद्र भवन का काम भी अगस्त माह के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया।

****************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई क्षेत्रों में अगले चौबीस घंटे के बाद मानसून के सक्रिय होने की उम्मीद है। इसके साथ ही अगले तीन से चार दिनों में मानसून प्रवेश होगा। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल राज्य के कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। वहीं 25 जून को राज्य के कई हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे के बारिश का अनुमान है।

****************

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में कल रात एंटीगुआ में भारत ने बंग्लादेश को पचास रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने बीस ओवर में पांच विकेट पर 196 रन बनाए जबकि बंग्लादेश की पारी आठ विकेट पर 146 रन पर सिमट गई। तेजी से 50 रन का स्कोर करने वाले हार्दिक पंड्या को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस जीत के साथ ही भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के निकट पंहुच गया है और बंग्लादेश इस दौड़ से बाहर हो गया है।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां**

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने नेट और नीट यूजी पेपर लीक विवाद के बीच सरकार द्वारा लिये गये फैसले को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**हिन्दुस्तान खबर ने** अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाते हुए लिखा है– नीट की होगी सीबीआइ जांच। देवघर से छह गिरफतार, रांची में यादुवेंदु के घर में छापेमारी।

**प्रभात खबर लिखता है**–नीट पेपर लीक मामलाः सीबीआइ को सौंपी गयी जांच, हटाये गये एनटीए महानिदेशक।

**दैनिक जागरण की सुर्खी है**–नीट पेपर लीक मामले में बिहार–झारखंड में छापा।

**दैनिक भास्कर ने** अपने पहले पन्ने पर लिखा है–शराब पीने के बाद विवाद, कोडरमा में मोटल मैनेजर और स्टाफ की हत्या।

**रांची एक्सप्रेस ने लिखा है**–पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना मामले में झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई 12 जुलाई को।

**टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा है**–नीट क्राइसिस, झारखंड से छह गिरफतार।

**हिन्दुस्तान टाइम्स की सुर्खी है**–विधायक कल्पना सोरेन ने गांडेय में लोगों के साथ की बैठक।

*********समाप्त**********